चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो,
जय हो भोले नाथ जय हो शिव शम्भू

श्लोक
लिया नाम जिसने भी शिवजी का मन से,
उसे भोले शंकर ने अपना बनाया,
खुले उस पे सब द्वार शिव की दया के,
जो श्रद्धा से भोले के मंदिर में आया।।

हर हर महादेव की जय हो,
शंकर शिव कैलाशपति की जय हो।

चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो,
शिव जी के चरणों में सर को झुकाए,
करें अपने तन मन को गंगा सा पावन,
जपे नाम शिव का भजन इनके गाएं।।

हर हर महादेव की जय हो।

यह संसार झूठी माया का बंधन,
शिवालयमें मार्ग है मुक्ति का भक्तो,
महादेव का नाम लेने से हर दिन,
मिलेगा हमें दान शक्ति का भक्तो,
मिट्टी में मिट्टी की काया मिलेगी,
चलो आत्मा को तो कुंदन बनाएं,
चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो।।

कहीं भी नहीं अंत उस की दया का,
करें वंदना उस दयालु पिता की,
हमें भी मिले छावं उसकी कृपा की,
हमे भी मिले भीख उसकी दया की,
लगाकर समाधि करें शिव का सुमिरण,
यूँ सोये हुए भाग्य अपने जगाएं,
चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो।।

करें सब का कल्याण कल्याणकारी,
भरे सबके भण्डार त्रिनेत्र धारी,
कोई उसको जग में कमी ना रहेगी,
बनेगा जो तन-मन से शिव का पुजारी,
करे नाम लेकर सफल अपना जीवन,
यह अनमोल जीवन यूँ-ही ना गवांये,
चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो।।

चलो शिव शंकर के मंदिर में भक्तो,
शिव जी के चरणों में सर को झुकाए,
करें अपने तन मन को गंगा सा पावन,
जपे नाम शिव का भजन इनके गाएं।।

Source: https://www.bharattemples.com/chalo-shiv-shankar-ke-mandir/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw